हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 13 अगस्त 2024 **समय 1305**

भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम-आईआरसीटीसी, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के सहयोग से नमो भारत ट्रेन तथा अन्य रेलगाडियों में यात्रियों के लिए 'वन इंडिया-वन टिकट' की सुविधा शुरू करेगा । इसके माध्यम से यात्री आईआरसीटीसी ऐप पर नमो भारत रेलगाड़ियों के लिए टिकट बुक कर सकते हैं। इस व्यवस्था के तहत टिकट रद्द करने और भुगतान प्राप्त करने की भी सुविधा उपलब्ध होगी। भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम ने कहा है कि यात्री नमो भारत ट्रेन टिकट के लिए यूनिक क्यू आर कोड सृजित कर सकते हैं। यह कोड यात्रा तिथि विकल्पों के आसपास 4 दिनों तक वैध होगा। वर्तमान रेल आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत नमो भारत के टिकट भी 120 दिन पहले से बुक किए जा सकते हैं।

....

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी निजी सैटेलाईट टेलिविजन चैनलों को परामर्श जारी करके कहा है कि वे आपदाओं और दुर्घटनाओं के वीडियो तारीख के साथ दिखाएं, ताकि दर्शकों को किसी भी तरह की गलतफहमी न हो।परामर्श में कहा गया है कि जब भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है तब टेलिविजन चैनल कई दिनों तक लगातार ये खबरें दिखाते हैं लेकिन बार-बार दुर्धटना के दिन के दृश्य ही दिखाते रहते हैं। इससे अनावश्यक रूप से भ्रम की स्थिति पैदा होती है और दर्शकों में घबराहट होने लगती है।

टेलिविजन चैनलों को ऐसी घटनाओं के प्रसारण के सिलसिले में कार्यक्रमों से संबंधित आचार संहिता का पालन करने के लिए भी कहा गया है।

....

हरियाणा के आगामी विधानसभा आम चुनावों के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग 2 दिवसीय हरियाणा दौरे पर है। कल पहले दिन मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार व डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने

राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।इसके बाद आयोग ने मण्डल आयुक्तों, रेंज के पुलिस महा निरीक्षको, जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक कर चुनाव तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की।इसके अलावा, मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों ने हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर और प्रशासनिक सचिवों के साथ भी अहम बैठक की।हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने राज्य पुलिस नोडल अधिकारी के साथ आयोग को चुनाव तैयारियों की जानकारी दी। आयोग आज प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक कर रहा है ।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल पंचकूला के सेक्टर-32 में विश्व स्तरीय शूटिंग रेंज खेल परिसर और स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी का शिलान्यास किया। इस दोनों परियोजनाओं पर 315 करोड़ रूपये की लागत आएगी। इसके अलावा उन्होंने पंचकूला विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 10 करोड़ रूपये की राशि देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं पंचकूला के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिन दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है वह युवाओं का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करेंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि 13.75 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली इस विश्व स्तरीय शूटिंग रेंज का निर्माण लगभग 150 करोड़ रूपये की लागत से किया जाएगा और यह आगामी दो वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगी। 10 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाले स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी का निर्माण लगभग 165 करोड़ रूपये की लागत से किया जाएगा और यह आगामी तीन वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज में प्रतिभाशाली खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि पंचकूला के साथ-साथ हरियाणा के अन्य क्षेत्रों और साथ लगते राज्य पंजाब और हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी भी इस शूटिंग रेंज में अभ्यास कर सकेंगे।उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी कालेज में छात्रों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान और कौशल प्रदान किया जाएगा। जिससे वो उद्योग की मांगों को पूरा कर सकेंगे ।

....

हिसार में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।भारत माता की जयघोष के साथ यह यात्रा नहरी विश्राम ग्रह से शुरू होकर शहर के विभिन्न मुख्य चौक चौराहों से निकली। यात्रा में शामिल भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि देश भर में आजादी की 78 वीं वर्षगांठ पर निकली जा रही तिरंगा यात्रा देश के लिए बलिदान देने वालों को सच्ची श्रद्धांजलि है।तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंची अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी पूजा ढांडा ने कहा कि तिरंगे को लेकर हर खिलाड़ी के मन में यही भाव रहता है कि वह विश्व में किस तरीके से अपने तिरंगे को सबसे ऊंचा रखे।